राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांकः CCE/ISDC/ IPSUK/2019/..1487

Date: 13 Nov .2019

प्राचार्य,
राजकीय कन्या महाविद्यालय, भरतपुर/बीकानेर/उदयपुर/बारां/अलवर/
अजमेर/कला कन्या, कोटा/भीलवाड़ा/बाड़मेर/चित्तौड़गढ़
राजस्थान

विषय : इंदिरा प्रियदर्शिनी स्वर्णिम उड़ान केन्द्र योजना का आपके महाविद्यालयों में समारोह पूर्वक शुभारम्भ करवाने एवं इसकी प्रभावी क्रियान्विति के संबंध में।

संदर्भ : आयुक्तालय का पत्रांक CCE/ISDC/IPSUC/2019/1422 दिनांक 22.10.19 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त पत्रांक के जरिये आपको सूचित किया जा चुका है कि उपर्युक्त योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में चयर्नित दस राजकीय महाविद्यालयों में आपके महाविद्यालय का भी चयन किय गया है। इस योजनान्तर्गत विद्यार्थी हित में महाविद्यालय से अपेक्षाऐं स्पष्टतः उल्लेखित की गई हैं। साथ ही अपेक्षित दायित्वों के अतिरिक्त यदि महाविद्यालय विद्यार्थी हित में कोई अन्य क्रिएटिव गतिविधि आयोजित करना चाहता है तो इसकी अनुमति है परन्तु क्रिएटिव गतिविधियों में महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत आयोजित की जाने वाली मेहंदी, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं को सम्मिलित नहीं करें। ये गतिविधियाँ महिला जागरूकता, अधिकार चेतना, रोजगारोन्मुख सशक्तीकरण आदि आधारित होनी चाहियें।

इसी क्रम में लेख है कि आपके महाविद्यालय में इस योजना का शुभारम्भ एक सादा समारोह आयोजित करावें जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारी, प्रसिद्ध/प्रबुद्ध व्यक्ति को आमंत्रित करें। कार्यक्रम निर्धारित कर इसकी सूचना आयुक्तालय को भिजवावें ताकि यदि सम्भव हो सकेगा तो आयुक्तालय, जयपुर से भी प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। **इस शुभारम्भ कार्यक्रम को दिनांक 23 नवम्बर तक आयोजित करवाया जाना सुनिश्चित करें।** इस योजना के अन्तर्गत निर्दिष्ट समस्त गतिविधियाँ दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक ही आयोजित करवाये जाने की रूपरेखा तैयार कर इसकी क्रियान्विति करावें और उसका योजना प्रारूप आयुक्तालय को नवाचार प्रकोष्ठ की ईमेल **innovation.cceraj@gmail.com** पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। छात्रा हित में इस कार्यक्रम की परम आवश्यकता है। अतः हर हाल में इस कार्यक्रम की क्रियान्विति सुनिश्चित करें।

प्रदीप कुमार बोरड़ IAS
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा राजस्थान

Letter No. CCE/ISDC/ IPSUK/2019/ 1488-89 Date: 13th Nov. 2019

प्रतिलिपि प्रेषित है –

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
3. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. वित्तीय सलाहकार, आकाशि, जयपुर।
5. संयुक्त निदेशक HRD/ PI/ P&C/ Acad./ Admn./RUSA/RVRES आकाशि, जयपुर।
6. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, जयपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, जोधपुर एवं भरतपुर को सम्भाग स्तर पर इस कार्यकम की निर्देशानुसार मॉनिटरिंग हेतु।
7. संबंधित महाविद्यालयों के प्रभारी अधिकारी, कालेज समूह, आकाशि, जयपुर को इस कार्यकम की महाविद्यालय स्तर पर निर्देशानुसार मॉनिटरिंग करने हेतु।
8. प्रभारी अधिकारी, RACE योजना तथा नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ, आकाशि को इस कार्यकम की आयुक्तालय स्तर पर मॉनिटरिंग करने हेतु।
9. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
10. रक्षित पत्रावली।

13/11/19
डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास